कार्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0,
1, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ

विज्ञप्ति

प्रदेश की राजकीय, अनुदानित एवं निजी पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे विभिन्न डिप्लोमा इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी, फार्मेसी, मैनेजमेन्ट एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दिनांक 14.09.2021 से आनलाइन काउन्सिलिंग चल रही है।

दिनांक 21.10.2021 को पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों में लेटरल इन्ट्री में प्रवेश के अतिरिक्त मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा टेक्सटाइल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को भी समाहित करते हुए द्वितीय वर्ष में लेटरल इन्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु नवीन शासनादेश निर्गत किया गया है।

अतः उपरोक्त नये जोड़े गये पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश हेतु आनलाइन काउन्सिलिंग के नवें चरण में सम्बन्धित सीटें प्रदर्शित कर दी गई हैं। प्रवेश परीक्षा–2021 में बैठे ग्रुप–K3, K4 व K8 के परीक्षार्थी उक्त समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अर्ह होंगे। साथ ही साथ प्रवेश परीक्षा में न बैठे इच्छुक अर्हताधारी अभ्यर्थी सीधे प्रवेश के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन करते हुए निजी एवं अनुदानित संस्थाओं में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त पाठ्यक्रम ग्रुपों की न्यूनतम अर्हता सम्बन्धी विवरण, काउन्सिलिंग शिड्यूल व अन्य आवश्यक सूचनाएं परिषद की वेबसाइट jeecup.nic.in पर उपलब्ध है।

आनलाइन काउन्सिलिंग से सम्बन्धित अन्य जानकारियों हेतु अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट jeecup.nic.in का नियमित अध्ययन करते रहें।

(राम रतन)
प्रभारी सचिव

संख्या : 1325(1)/संप्रपप / ई0–2(प्रशा0) / 2021, दिनांक : 21 अक्टूबर, 2021

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर।
4. अनु सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
5. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0।
6. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
7. निदेशक, आकाशवाणी / दूरदर्शन, लखनऊ को व्यापक प्रसार हेतु।
8. समस्त राजकीय / अनुदानित / निजी पालीटेक्निक संस्थाएं, उ0प्र0।

(राम रतन)
प्रभारी सचिव